दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# कायम है आतंकी ढांचा

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सीआरपीएफ के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले ने चिंता बढ़ी दी है। हमले में सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद हुए हैं। इस साल फरवरी में पुलवामा हमले के बाद चलाए गए बड़े अभियान में कई आतंकी मारे गए लेकिन कुछ दिनों की शांति के बाद स्थितियां फिर गड़बड़ाती दिख रही हैं। कई जगहों पर छिटपुट मुठभेड़ें हुई हैं और कुछ मामलों में भीड़ की पत्थरबाजी भी देखने को मिली है। इस तरह हालात एक बार फिर पुराने मुकाम पर ही लौटते नजर आ रहे हैं।

पिछले दिनों राज्य में राष्ट्रपति शासन छह महीने और बढ़ाने का फैसला हुआ है। माना जाता है कि राष्ट्रपति शासन में सरकारी अमला सामान्य स्थितियों से कहीं ज्यादा मुस्तैद होता है लेकिन अभी के हालात ऐसा कोई संकेत नहीं दे रहे। सेना और सुरक्षाबलों के सतत प्रयासों के बावजूद आतंकी ढांचे अपनी जगह पर बने हुए हैं और सीमा पार से घुसपैठ पर रोक नहीं लग पाई है। एक आतंकी संगठन को कमजोर किया जाता है तो दूसरा सक्रिय हो जाता है। अनंतनाग के हमले की जवाबदेही पाकिस्तान स्थित अल-उमर-मुजाहिदीन नाम के आतंकी संगठन ने ली है जिसने मुश्ताक जरगर को अपना सरगना बताया है। यह आतंकी बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान भी निशाने पर था। 1999 में आईसी-814 के अपहृत विमान यात्रियों को छोड़ने के बदले भारत सरकार ने उसे रिहा किया था। घटना को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसमें लोकल इंटेलिजेंस की कमी झलक रही है।

सचाई यह है कि घाटी के ग्रामीण इलाकों में अब भी आतंकियों की पैठ बनी हुई है जिसकी बड़ी वजह वहां उनका खौफ है। पिछले दिनों आतंकियों ने कुछ लोगों को सिर्फ इस संदेह में मार दिया था कि वे दहशतगर्दों की सूचना सुरक्षाबलों को देते हैं। जाहिर है, आतंक के खिलाफ लड़ाई में जनता का सहयोग लेना ही सबसे बड़ी चुनौती है। आम कश्मीरियों का विश्वास जीतने के लिए सरकार वहां विकास कार्यों को गति देने में जुटी है।

पिछले दिनों इस संबंध में कई अहम फैसले किए गए हैं, जैसे श्रीनगर और जम्मू के विकास के लिए मेट्रोपॉलिटन रीजनल डिवेलपमेंट अथॉरिटीज की स्थापना, 50,000 नए घरों के साथ आईटी सेंटर के रूप में ग्रेटर जम्मू और ग्रेटर श्रीनगर का निर्माण। डल झील के सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना बनाई गई है जिसके तहत नए फुटपाथ बनेंगे, रोशनी लगाई जाएगी और संगीतमय झरने बनाए जाएंगे। जम्मू और श्रीनगर में चौबीसों घंटे पानी की सप्लाइ सुनिश्चित करने और दोनों शहरों में प्रदूषणमुक्त ई-बसें चलाने के फैसले भी लिए गए हैं। इन योजनाओं को जल्द से जल्द अमल में उतारा जाना चाहिए और विधानसभा चुनाव में ज्यादा देर नहीं करनी चाहिए। बेहतर होगा कि किसी न किसी रूप में पाकिस्तान से संवाद भी शुरू हो ताकि वहां की सरकार पर आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाया जा सके।

# तीन घंटे से ज्यादा खाली रहेगा एटीएम तो बैंक पर पेनल्टी लगा सकेगा रिजर्व बैंक

नई दिल्ली (आरएनएस)। अक्सर देखने में आता है कि लोग बैंक के एटीएम से कैश निकालने जाते हैं, लेकिन एटीएम खाली मिलता है। एक के बाद एक कई एटीएम में भटकने पर भी पैसा नहीं मिलता। कई बार तो एटीएम में कई-कई दिन नो-कैश के बोर्ड टंगे मिलते हैं। लोगों की समस्याओं को देखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाने का फैसला किया है। आरबीआई ने बैंकों से कहा है कि कोई भी एटीएम तीन घंटे से ज्यादा खाली न रहे। अगर किसी एटीएम में कैश खत्म हो जाए, तो बैंकों को तीन घंटे के भीतर उस एटीएम में नोट भरने होंगे। ऐसा न करने पर बैंकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।




बैंकिंग सेक्टर के एक्सपर्ट्स का मानना है कि एटीएम में कैश भरने में बैंक कई बार लापरवाही बरतते हैं। हालांकि, बैंकों के उच्चाधिकारियों का कहना है कि फिलहाल एटीएम में कैश का फ्लो सही चल रहा है। पिछले दिनों एटीएम में कैश न होने की जो शिकायतें आई थीं, उसका मुख्य कारण वजह बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में कैश न होना था।

फेडरेशन ऑफ एटीएम इंडस्ट्रीज का कहना है कि आरबीआई ने बैंकों से एटीएम अपग्रेड करने को कहा है। इससे बैंकों का खर्चा बढ़ा है। एटीएम ऑपरेट की लागत बढ़ने से भी बैंकों ने कई एटीएम बंद कर रखे हैं।

# वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। बजट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवतः 20 जून को वित्त मंत्रालय के सभी पांच विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने और रोजगार सृजन की रूपरेखा पर मंथन होगा। प्रधानमंत्री की बैठक की वजह से जीएसटी काउंसिल की बैठक को एक दिन टाल दिया गया है। पहले यह बैठक 20 जून को होनी थी। मोदी बैठक में प्रत्येक विभाग के लिए रूपरेखा पर विचार-विमर्श करेंगे और राजस्व बढ़ाने के एजेंडा पर चर्चा करेंगे, जिससे सुधारों को आगे बढ़ाया जा सके। गौरतलब है कि 2018-19 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर 5 साल के निचले स्तर 6.8 प्रतिशत पर आ गई है।

यह बैठक ऐसे समय हो रही है जबकि वित्त मंत्रालय 2019-20 के बजट को अंतिम रूप देने में जुटा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 5 जुलाई को बजट पेश करेंगी। बैठक में मोदी 2.0 सरकार के 100 दिन के एजेंडा पर भी चर्चा होगी। अप्रैल में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सभी मंत्रालयों से नई सरकार के लिए एजेंडा तय करने को कहा था।

## डीजीटी ने युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था का प्रशिक्षण देने को सिस्को, एक्सेंचर से किया करार

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रशिक्षण महानिदेशालय ने युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था का प्रशिक्षण देने के लिए शुक्रवार को सिस्को एवं एक्सेंचर से हाथ मिलाया। इसके तहत आईटीआई छात्रों को रोजगार के लिहाज से कुशल बनाने के लिए एक भविष्योन्मुखी कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। शुरुआती चरण में कक्षा के जरिये इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को



तमिलनाडु, गुजरात, बिहार और असम के 227 आईटीआई में लागू किया जाएगा। इसका लक्ष्य एक लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना है। वहीं आईटीआई के करीब 15 लाख छात्र भारत स्किल्स पोर्टल के जरिये डिजिटल माध्यम से इस पाठ्यक्रम का लाभ हासिल कर सकेंगे। प्रशिक्षण महानिदेशालय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है।

## एटीएम की सुरक्षा बढ़ाने रिजर्व बैंक के नए निर्देश



नईदिल्ली (आरएनएस)। सभी बैंक अपने-अपने एटीएम की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए नए-नए उपकरणों का इस्तेमाल करते रहते हैं। वह चाहते हैं कि उनका बैंक व एटीएम सबसे ज्यादा सुरक्षित हो ताकि कोई भी चोर या लुटेरा कोई नुक्सान ना पहुंचा सकें। इसी कड़ी में आरबीआई ने एटीएम की सुरक्षा बढ़ाने के लिए बैंकों को शुक्रवार को नए निर्देश जारी किए हैं। रिजर्व बैंक ने बैंकों से कहा है कि सितंबर के अंत तक सभी एटीएम दीवार, जमीन या खंभे से जुड़े होने चाहिए।


बेहद सुरक्षित परिसरों मसलन हवाई अड्डों में लगे एटीएम को इन निर्देशों से छूट होगी। रिजर्व बैंक ने 2016 में सुरक्षा के सभी पहलुओं की समीक्षा के लिए नकदी की आवाजाही पर समिति गठित की थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय बैंक ने ये निर्देश जारी किए हैं।

इनके पीछे मकसद एटीएम परिचालन के जोखिम को कम करना और सुरक्षा बढ़ाना है। सुरक्षा उपायों के तहत तय किया गया है कि नकदी डालने के लिए एटीएम का परिचालन सिर्फ डिजिटल वन टाइम कम्बिनेशन (ओटीसी) लॉक के जरिये किया जाएगा। इसके अलावा 30 सितंबर, 2019 तक सभी एटीएम किसी ढांचे मसलन दीवार, जमीन या खंभे से जुड़े होने चाहिए। सिर्फ उच्च सुरक्षा वाले परिसरों में इसकी जरूरत नहीं होगी।

# जेट एयरवेज के नरेश गोयल को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का समन

नई दिल्ली,15 जून (आरएनएस)। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से कथित टैक्स चोरी मामले में पूछताछ के लिए इनकम टैक्स (ड्ढ्र) डिपार्टमेंट ने समन जारी किया है। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐसा पहली बार है जब एक प्रवर्तन एजेंसी ने बंद हो चुकी एयरलाइन में कथित अनियमितताओं के संबंध में गोयल को समन भेजा है। डिपार्टमेंट की जांच शाखा ने पिछले साल एयरलाइन के मुंबई स्थित दफ्तरों में सर्च के दौरान दस्तावेज सीज कर दिए थे। यह जांच फरवरी में पूरी हुई और रिपोर्ट को असेसमेंट विंग के पास भेज दिया गया।

डिपार्टमेंट के इन्वेस्टिगेशन विंग को जेट एयरवेज और इसकी दुबई स्थित ग्रुप कंपनियों के बीच लेनदेन में कथित तौर पर अनियमितताएं मिलीं। सूत्रों का कहना है कि इनका उद्देश्य 650 करोड़ रुपये का टैक्स चोरी करना था। जांच में पाया गया कि एयरलाइन हर साल दुबई में अपने जनरल सेल्स एजेंट को कमीशन का भुगतान करती थी, जो ग्रुप यूनिट का ही एक हिस्सा है।



इनकम टैक्स ऐक्ट के तहत जायज बिजनस ट्रांजैक्शन की तुलना में ये कथित लेनदेन कहीं ज्यादा था। यह स्वीकार्य खर्चों के अतिरिक्त और टैक्स की सीमा से बाहर था। इनकम टैक्स अधिकारी ने कहा, यह सर्वे उस समय किया गया जब जेट एयरवेज अपनी जून तिमाही के परिणामों के ऐलान में देरी कर रही थी। गोयल को इन संदिग्ध लेनदेन और भुगतानों का स्पष्टीकरण देने के लिए समन भेजा गया है। एक दूसरे व्यक्ति ने कहा, असेसमेंट विंग अब पूछताछ कर रहा है, और इसके परिणामों के आधार पर ही इस मामले में गोयल को समन भेजा गया है। जेट एयरवेज ने इस बारे में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## हमने मध्य के ओवरों में मैच गंवाया : होल्डर

साउथम्पटन (आरएनएस)। इंग्लैंड के हाथों शुक्रवार को आईसीसी विश्व कप-2019 में आठ विकेट से मात खाने वाली वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने कहा है कि टीम ने मध्य के ओवरों में खराब बल्लेबाजी की और इसी कारण मैच हार गई। विंडीज का मजबूत बल्लेबाजी क्रम इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने 44.4 ओवरों में सिर्फ 212 रनों पर ढेर हो गया। मैच के बाद होल्डर ने कहा, हमारे पास बोर्ड पर ज्यादा रन नहीं थे। हमने नियमित अंतराल पर विकेट खोए और साथ ही कुछ लापरवाह शॉट भी खेले। अगर हम टिके रहते और साझेदारियां करते तो हम ज्यादा रन कर सकते थे।

## आज का राशिफल

मेषः- आपका दिन आमोद-प्रमोद में बीतेगा, नए वस्त्रों की खरीददारी का योग है। मान-सम्मान प्राप्त होगा। मनोरंजन एवं आनंददायक दिन रहेगा।

वृषभः- आज आपका धन जरूरी वस्तुओं पर ही खर्च होगा। स्वास्थ्य में सुधार आएगा। प्रतिस्पर्धियों तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। अधूरे कार्य संपन्न होंगे।

मिथुनः- साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी और मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। बौद्धिक चर्चाओं में साझेदारी अवश्य लें। कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी।

कर्कः- आपकी मनः- स्थिति और स्वास्थ्य कुछ प्रतिकूल रहेगा। परिवार में वाद-विवाद का वातावरण बन सकता है, जिससे मन खिन्न हो सकता है। संयम पूर्वक कार्य करें।

सिंहः- मानसिक रूप से आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पराक्रम के बल पर सभी कार्य बनेंगे।

कन्याः- ग्रह-नक्षत्र आज आपको धन के लेन-देने पर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। नकारात्मक विचारों को मन में उठने न दें।

तुलाः- आपका दिन अनुकूल रहेगा। तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा अनुभव करेंगे। घर का वातावरण प्रफुल्लित रहेगा।

वृश्चिकः- किसी से पैसों की लेन-देन न करें और किसी का उधार भी न दें। निर्णयशक्ति के अभाव में मन में दुविधा बढ़ सकती है, जिससे चिंता में वृद्धि हो सकती है।

धनुः- आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। व्यापार या नौकरी में लाभ होगा, आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। मित्रों और परिवार के लोगों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे।

मकरः- आज आप हर काम सरलता से संपन्न होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे, आपके प्रमोशन के योग हैं। कार्य संदर्भ में यात्रा करनी पड़ सकती है।

कुंभः- आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावनाएं हैं। भाग्योदय के प्रबल योग हैं। भाग्य का साथ सभी कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर है।

मीनः- सावधानी पूर्वक कार्य आज आपको सफलता दिलाएगा। जरा-सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है। यात्रा न करें। वाहन धीमी गति से चलाएं।

## हॉकी : जापान को हरा फाइनल में भारत

भुवनेश्वर (आरएनएस)। भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को एफआईएच सीरीज फाइनल्स के सेमीफाइनल में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जापान को 7-2 से मात दे फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही भारत ने अगले साल जापान में होने वाले ओलम्पिक खेलों के चालीफायर्स में जगह पक्की की। शनिवार को होने वाले फाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जापान ने हालांकि शुरुआत अच्छी करते हुए दूसरे मिनट में ही गोल कर दिया था। जापान के लिए केंजी किटाजाटा ने पहला गोल किया। हरमनप्रीत सिंह ने सातवें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी दिलाई और यहां से फिर भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हरमनप्रीत ने यह गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर किया।

# चोटों को लेकर अगले 24-48 घंटे अहम : मोर्गन

साउथम्पटन (आरएनएस)। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए आईसीसी विश्व कप-2019 के मैच में चोटिल हुए इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन और सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के लिए अगले 24 से 48 घंटे अहम हैं। मोर्गन ने बताया कि उनको पीठ में समस्या है, जबकि रॉय को मांसपेशियों में खिंचाव है। मोर्गन ने साथ ही बताया कि रॉय को स्कैन के लिए भेजा गया है। मोर्गन और रॉय दोनों पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की पारी के दौरान चोटों के कारण मैदान छोड़ गए थे। रॉय आठवें ओवर में ही मैदान से बाहर चले गए थे जबकि मोर्गन ने 40वें ओवर में मैदान छोड़ा।




इस मैच में हालांकि इंग्लैंड ने विंडीज को आठ विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने पहले विंडीज को 44.4 ओवरों में 212 रनों पर ढेर कर दिया और फिर रॉय की जगह सलामी बल्लेबाजी करने आए जो रूट की नाबाद 100 रनों की पारी के दम पर दो विकेट खोकर 33.1 ओवर में जीत हासिल कर ली।

मैच के बाद मोर्गन ने अपनी और रॉय की चोटों को लेकर कहा, मेरी पीठ में तकलीफ है। इस समय इसमें दर्द है। रॉय की मांसपेसियों में खिंचाव आया है। वह स्कैन के लिए गए हैं। हमें अगले 48 घंटों में देखना होगा कि उनका क्या होता है। मुझे पहले भी पीठ में तकलीफ हुई है। अगले 24 से 48 घंटे में देखते हैं कि क्या होता है। हमारी टीम में हर कोई अहम है और इस समय हम चोट नहीं चाहते।

## खोया गुलाब जामुन बनाने की विधि...

ज्यादातर सभी लोगों को गुलाब जामुन पसंद होते हैं। इसका नाम सुनते ही मन न ललचाए, ऐसा हो ही नहीं सकता। ऐसे में आज हम आपको गुलाब जामुन की रेसिपी बता रहे हैं। इसे घर पर बनाना बेहद आसान है। आगे की स्लाइड्स में जानें कैसे चुटकियों में घर पर गुलाब जामुन बनाएं...



### सामग्री

एक किलो मावा, 250 ग्राम मैदा, 50 ग्राम कद्दूकस किया पनीर, 100 ग्राम चिरौंजी, खाने वाला सोडा एक चुटकी, एक किलो चीनी, तलने के लिए घी एक किलो।

### बनाने की विधि-

सबसे पहले चाशनी तैयार करें। एक किलो चीनी में लगभग डेढ़ लीटर पानी डालें और इसे उबलने दें। चाशनी को इतना ही पकाएं कि उसमें तार न पड़े। फिर मावा, पनीर, मैदा और सोडा अच्छी तरह मिलाकर गूंथ लें, ताकि गांठ न रह जाए। अब इससे मध्यम साइज के छोटे-छोटे गोले बनाएं।प्रत्येक गोले के बीच में चिरौंजी भी रखें। एक कड़ाही में घी गर्म करें। घी जब गर्म हो जाए, तो गैस को धीमी कर दें। फिर घी में एक गोले को डालकर देखें। जब गोला ऊपर तैरने लगे, तो एक-एक करके और गोले डालें।?धीमी आंच पर गुलाब जामुन को अच्छी तरह से तलने के बाद चाशनी में डालें। एक घंटे बाद ये खाने लायक हो जाते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 96

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.95का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |